2-दूरीक, 2-बानाख़
एवं सांस्थितिकतः सदिश समष्टियों में अमूर्त संपात तथा स्थिर बिंदु समीकरणों के साधन का अस्तित्व

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

की

पी-एच०डी० (गणित)

उपाधि हेतु प्रस्तुत

शोध-प्रबंध

शोध निर्देशक
डॉ० श्याम लाल सिंह
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष

प्रस्तुत कर्ता
देवेन्द्र दत्त शर्मा

गणित विभाग
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
हरिद्वार 249 404

नामांकन संख्या 86010

जनवरी 1991

2-दूरीक, 2-बानाख एवं सांस्थितिकत: सदिश समष्टियों में अमूर्त संपात तथा स्थिर बिंदु समीकरणों के साधन का अस्तित्व

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

की

पी-एच०डी० (गणित)

उपाधि हेतु प्रस्तुत

शोध-प्रबंध

शोध निर्देशक
डॉ० श्याम लाल सिंह
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष

प्रस्तुत कर्ता
देवेन्द्र दत्त शर्मा

गणित विभाग
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
हरिद्वार 249 404

नामांकन संख्या 86010 **जनवरी** 1991

2-दूरीक, 2-बानाख़ एवं सांस्थितिकत: सदिश समष्टियों में अमूर्त संपात तथा स्थिर बिंदु समीकरणों के साधन का अस्तित्व

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय

की

पी-एच०डी० (गणित)

उपाधि हेतु प्रस्तुत

शोध-प्रबंध

शोध निर्देशक
डॉ० श्याम लाल सिंह
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष

प्रस्तुत कर्ता
देवेन्द्र दत्त शर्मा

गणित विभाग
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
हरिद्वार 249 404

नामांकन संख्या 86010

जनवरी 1991

2-दूरीक, 2-बानाख़ एवं सांस्थितिकतः सदिश समष्टियों में अमूर्त संपात तथा स्थिर बिंदु समीकरणों के साधन का अस्तित्व

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
की
पी-एच०डी० (गणित)
उपाधि हेतु प्रस्तुत

शोध-प्रबंध

शोध निर्देशक
डॉ० श्याम लाल सिंह
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष

प्रस्तुत कर्ता
देवेन्द्र दत्त शर्मा

गणित विभाग
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
हरिद्वार 249 404

नामांकन संख्या 86010

जनवरी 1991

प्रमाण पत्र

मैं प्रमाणित करता हूँ कि मैंने "2-धूरीक, 2-बानाख एवं सांख्यिकतः सविश समष्टियों में अमूर्त संपात तथा स्थिर बिंदु समीकरणों के साधन का अस्तित्व" शीर्षक शोध-प्रबंध प्रोफेसर श्याम लाल सिंह के निर्देशन में तैयार किया है. विश्वविद्यालय नियमों के अंतर्गत यह शोध-प्रबंध किसी अन्य उपाधि के लिये प्रयुक्त नहीं हुआ है.

दिनांक 30 जनवरी 1991

देवेन्द्र दत्त शर्मा
देवेन्द्र दत्त शर्मा
अनुसंधित्सु

अनुसंधित्सु का कथन सत्य है. परीक्षणार्थ संस्तुत एवं अग्रसारित.

दिनांक जनवरी 1991

डॉ० श्याम लाल सिंह
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष
गणित विभाग
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
हरिद्वार 249404

अ नु क्र म णि का

प्राक्कथन

शिवालिक पर्वत श्रेणियों की उपत्यका में बसे ऋषिकेश नगर के राजकीय महाविद्यालय में जब प्रो० डॉ० श्याम लाल सिंह (संप्रति प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, गणित विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार) गणित विभाग के अध्यक्ष पद पर कार्य कर रहे थे, तब से उनके शोध छात्रों की अन्वेषण वृत्ति तथा गुरुनिष्ठा से अभिभूत मैं सदैव सोचा करता था कि क्या कभी मैं भी उनकी सन्निधि में बैठ कर अपनी शोध पिपासा शान्त कर सकूंगा ?

भारतीय गणित विज्ञान में श्रद्धेय प्रोफेसर साहब की गहरी पैठ उनके निकट आने वाले हर शोधार्थी में राष्ट्रीय अस्मिता और भारतीय ज्ञान-विज्ञान की विशिष्ट उपलब्धियों के प्रति गौरवपूर्ण जानकारी का भाव जगाती है. यही सोच कर जब मैं गुरुवर प्रो० सिंह से मिला तो उन्होंने मुझे उदारतापूर्वक अपने निर्देशन में ले लिया और गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में हिंदी माध्यम से गणित पर अनुसंधान कार्य करने की प्रेरणा दी.

माननीय प्रो० सिंह तथा माननीया श्रीमती सिंह ने अक्षय वात्सल्य देकर जहाँ मेरा मनोबल बढ़ाया, वहाँ एक कठिन कार्य संपन्न कराने में निष्काम सहायता भी की.

जहाँ तक गणित जैसे क्लिष्ट विषय का राष्ट्रभाषा हिंदी के माध्यम से लेखन का प्रश्न है, जब मैं 1986 में शोध कार्य प्रारंभ कर रहा था तब तक हिंदी भाषा के माध्यम से विज्ञान विषयक शोध प्रबंधों के लेखन की चर्चा तक न थी. प्रोफेसर सिंह के ही निर्देशन में श्री विजयेन्द्र कुमार (हरिद्वार) और मैंने लगभग एक साथ शोध कार्य प्रारंभ किया था. इसके बाद उनके निर्देशन में कई महत्वपूर्ण शोध प्रपत्र एवं दो शोध प्रबंध हिंदी में लिखे गये. उसी श्रृंखला में यह तीसरा शोध प्रबंध है; एतद् विषयक हिंदी में हुए कार्य का उल्लेख शोध प्रबंध के अंत में दिये गये 'निर्देश' में अनुस्यूत है.

प्रस्तुत शोध प्रबंध में केंद्रीय हिंदी निदेशालय (शिक्षा विभाग) द्वारा प्रकाशित "हिंदी वर्तनी मानकीकरण" शीर्षक पुस्तिका में संस्तुत निर्देशों का भरसक पालन करने का प्रयत्न किया गया है. नई पद्धति के अनुसार अब शब्दों को इस प्रकार लिखा जा सकेगाः जैसे विद्या को विद्‌या, यद्यपि को यद्‌यपि, द्वितीय को द्‌वितीय आदि. यद्‌यपि पुस्तिका में पूर्ण विराम के स्थान पर खड़ी पाई (।) प्रयोग करने का निर्देश है परन्तु इस शोध प्रबंध में तकनीकी कारणों से अंग्रेजी के पूर्ण विराम (.) का प्रयोग किया जा रहा है. प्रस्तुत शोध प्रबंध में वैज्ञानिक तकनीकी शब्दावली आयोग, भारत सरकार द्‌वारा प्रकाशित बृहत् पारिभाषिक शब्दावली का उपयोग किया गया है. पाठकों की सुविधा के लिए कुछ प्रयुक्त तकनीकी शब्दों की सूची अंत में दी गई है. इस सूची में ऐसे तकनीकी शब्द भी हैं जो हाल ही में पारिभाषित हुए हैं. वस्तुतः इन शब्दों के हिंदी रूपांतरण प्रो0 सिंह द्‌वारा सुझाये गये हैं.

<u>अभिकलित्र (कंप्यूटर) द्‌वारा टंकण में शून्य (0) के स्थान पर इस पूरे शोध प्रबंध में 0 का टंकण स्वीकार करना पड़ा है.</u> इस प्रकार के किसी अन्य गणितीय चिह्न का प्रयोग नहीं किया गया है.

मैं प्रस्तुत शोध प्रबंध के निर्देशक पूज्यपाद गुरुवर डॉ0 श्याम लाल सिंह प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, गणित विभाग, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्‌यालय, हरिद्‌वार का नतशिर हार्दिक आभार स्वीकार करता हूँ. उनके समुचित निर्देशन, शिष्य वत्सलता, उत्साहवर्धक प्रेरक प्रसंगों एवं हर प्रकार से की गई सहायता के फलस्वरूप ही मैं यह शोध प्रबंध तैयार करने में समर्थ हो सका.

मैं इस अवसर पर प्रोफेसर सुरेश चंद्र त्यागी, प्राचार्य, विज्ञान महाविद्यालय, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्‌वार का इस अध्ययन के दौरान उत्साह वर्धन एवं प्रेरणा के लिए अत्यंत आभारी हूँ.

मैं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में प्रो० विष्णु दत्त 'राकेश', अध्यक्ष, हिंदी विभाग, श्री विजयेन्द्र कुमार, रीडर, गणित विभाग तथा डॉ० एच० एल० गुलाटी व डॉ० उमेश चंद्र गैरोला, प्रवक्ता, गणित विभाग के विशेष सहयोग एवं सहानुभूति के प्रति अत्यंत कृतज्ञ हूं.

मैं उन सभी विद्वानों का आभार स्वीकार करता हूँ जिनकी रचनाओं से परोक्ष एवं प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुआ हूँ. गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के संस्थापक महर्षि दयानंद के शिष्य और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सहयोगी, स्वामी श्रद्धानंद जी महाराज का सर्वोपरि कृतज्ञ हूँ, जिन्होंने भारतीय संस्कृति को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित रखने के लिए इस अद्वितीय राष्ट्रीय शिक्षा मंदिर का निर्माण किया.

मैं अपनी पूज्य माता एवं परिवार जनों का आभार शब्दों में कैसे व्यक्त करूं? उनके स्नेह, सहयोग एवं आशीर्वाद की छत्रछाया में ही मैं अध्ययन कर पाया हूँ.

अंत में टंकक श्री सतीश कुमार त्यागी, विकास एवं योजना कार्यालय, रुड़की विश्वविद्यालय का इस शोध प्रबंध के टंकण एवं समंजन के लिए हार्दिक धन्यवाद करता हूँ.

हरिद्वार
दिनांक २० जनवरी 1991

देवेन्द्र दत्त शर्मा
देवेन्द्र दत्त शर्मा

प्रथम अध्याय

भूमिका

इस परिचयात्मक अध्याय में जर्मन गणितज्ञ एस० गह्लर द्वारा अन्वेषित 2-दूरीक, 2-मानकित एवं 2-बानाख़ समष्टियों का संक्षिप्त विवरण दिया गया है. दूसरे एवं तीसरे अनुभागों में बानाख संकुचन सिद्धांत एवं युंक संकुचन सिद्धांत और इनके प्रमुख व्यापकीकरणों का उल्लेख किया गया है. अंतिम अनुभाग में शेष अध्यायों में संपादित कार्य का संक्षिप्त विवरण अनुस्यूत है. वस्तुतः यह अध्याय निम्न चार अनुभागों में विभक्त है:

1. 2-दूरीक, 2-मानकित एवं 2-बानाख़ समष्टियां
2. बानाख संकुचन सिद्धांत एवं इसके कुछ व्यापकीकरण
3. युंक संकुचन सिद्धांत
4. आगामी अध्यायों की संक्षिप्त रूपरेखा

1

2-दूरीक, 2-मानकित एवं 2-बानाख समष्टियां

ऐसा प्रतीत होता है कि सन् 1928 में प्रकाशित प्रोफेसर के० मेंगर के एक शोध प्रपत्र [116] से प्रेरणा प्राप्त कर जर्मन गणितज्ञ प्रोफेसर एस० गह्लर [58]-[61] ने दूरीक एवं मानकित समष्टियों के द्विविमीय सादृश्य प्रस्तुत किये जिन्हें क्रमशः 2-दूरीक एवं 2-मानकित समष्टियों के नाम से जाना जाता है. यक्लिड् समष्टि में तीन विंदुओं द्वारा निर्धारित त्रिभुज के क्षेत्रफल के गुण-धर्मों की शुद्ध गणितीय व्याख्या करने वाली इन समष्टियों पर हुए विस्तृत अनुसंधान कार्य के लिए ([4], [13], [21]-[23], [30], [34]-[39], [55]- [56], [69], [76], [78], [79], [81]-[83], [98], [127], [142], [170] व [201]) का अवलोकन करें.

एक अरिक्त समुच्चय X के लिए $X \times X \times X$ पर वास्तविक फलन d को 2-दूरीक कहते हैं यदि d निम्न शर्तें संतुष्ट करता हो:

(द-1) दो भिन्न विंदुओं x, y के लिए X में तीसरे विंदु z का इस प्रकार अस्तित्व हो कि $d(x, y, z) \neq 0$;

(द-2) यदि तीन विंदुओं x, y, z में से कम से कम दो समान हों तो $d(x, y, z) = 0$;

(द-3) $d(x, y, z) = d(y, z, x) = d(z, x, y)$; (तीनों चरों में सममिति);

(द-4) $d(x, y, z) \leq d(x, y, w) + d(x, w, z) + d(w, y, z)$ (त्रिभुजीय असमिका);

युग्म (X, d) को 2-दूरीक समष्टि कहा जाता है. (द-2) और (द-4) से स्पष्ट है कि d एक ऋणेतर फलन है.

सर्वप्रथम 2-दूरीक से संबंधित कुछ उदाहरण दिये जा रहे हैं.

उदाहरण 1. [58]. यदि x_j, y_j, z_j क्रमशः x, y, z के निर्देशांक हों तो दो या अधिक विमाओं के प्रत्येक युक्लिडीयन दूरीक समष्टि पर निम्न 2-दूरीक पारिभाषित होती है:

$$d(x, y, z) = (1/2)\left[\sum_{i<j} \begin{vmatrix} x_i & x_j & 1 \\ y_i & y_j & 1 \\ z_i & z_j & 1 \end{vmatrix}^2\right]^{1/2}.$$

इस प्रकार पारिभाषित 2-दूरीक को युक्लिडीयन 2-दूरीक कहा जाता है.

उदाहरण 2. [120]. मान लें $X = \{0, 1, 1/2, 1/3, \ldots\}$

तथा $d : X \times X \times X \longrightarrow [0, \infty)$ निम्न प्रकार पारिभाषित करें:

$$d(x,y,z) = \begin{cases} 1 & \text{यदि } x, y, z \text{ भिन्न हों तथा किसी धन पूर्णांक } n \text{ के लिए } \{1/n, 1/(n+1)\} \subset \{x, y, z\} \text{ है} \\ 0 & \text{अन्यथा,} \end{cases}$$

तब (X, d) एक 2-दूरीक समष्टि है.

उदाहरण 3. [120]. मान लें

$X = \{a\} \cup \{a_n : n = 1,2,\ldots\} \cup \{b\} \cup \{b_n : n = 1,2,\ldots\}$

जहाँ $a = (1,0)$, $b = (0,0)$, $a_n = (1+1/n, 0)$

तथा $b_n = (0, 1/n)$, $n = 0, 1, 2, \ldots$

$d : X \times X \times X \longrightarrow [0,\infty)$

निम्न प्रकार लें

$$d(x, y, z) = \begin{cases} 1 & \text{यदि किसी धन पूर्णांक } n \text{ के लिए } \{x, y, z\} = \{a_n, b_n, a\} \text{ या } \{a_n, b_n, b\} \\ & \text{या विभिन्न धन पूर्णांकों } m, n \text{ के लिए } \{x, y, z\} = \{a_n, b_n, a_m\} \text{ या } \{a_n, b_n, b_m\} \\ A(x, y, z) & \text{अन्यथा} \end{cases}$$

जहाँ $A(x, y, z)$ बिंदुओं x, y और z से बने त्रिभुज का क्षेत्रफल है.

तब (X, d) एक 2-दूरीक समष्टि है.

इस अध्याय में हम 2-दूरीक एवं दूरीक (1-दूरीक) समष्टियों को क्रमशः (X, d) एवं (M, d) द्वारा प्रदर्शित करेंगे.

गहलर [58] ने सिद्ध किया है कि यद्यपि 2-दूरीक d तीनों चरों (अर्थात् तीनों निर्देशांकों) में किसी एक निर्देशांक के सापेक्ष संतत है किन्तु यह आवश्यक नहीं कि यह दो निर्देशांकों के सापेक्ष भी संतत हो. यदि यह दो निर्देशांकों के सापेक्ष संतत हो तो यह तीनों निर्देशांकों के सापेक्ष भी संतत होगा. 2-दूरीक फलन द्विसंतत कहा जायेगा यदि यह सभी निर्देशांकों के सापेक्ष संतत हो.

2-दूरीक समष्टि X का एक अनुक्रम $\{x_n\}$ 2-कोशी अनुक्रम (सामान्यतया, यदि भ्रम की गुंजायश न हो, कोशी अनुक्रम) कहा जाता है यदि X के प्रत्येक बिंदु a के लिए

$$\text{सीमा}_{m,n}\ d(x_m, x_n, a) = 0.$$

समष्टि X के बिंदु x पर अनुक्रम $\{x_n\}$ अभिसरित होता है और x को इस अनुक्रम की सीमा कहते हैं यदि X के प्रत्येक a के लिए

$$\text{सीमा}_n\ d(x_n, x, a) = 0 .$$

(X, d) को पूर्ण 2-दूरीक समष्टि कहा जाता है यदि इसमें प्रत्येक कोशी अनुक्रम एक अभिसारी अनुक्रम हो.

उल्लेख्य है कि किसी पूर्ण 2-दूरीक समष्टि में अभिसरित होने वाले प्रत्येक अनुक्रम का कोशी होना आवश्यक नहीं है (देखें उदाहरण 2). इसमें (X, d) एक पूर्ण 2-दूरीक समष्टि है तथा अनुक्रम $\{1/n\}$ शून्य पर अभिसरित होता है परन्तु $\{1/n\}$ कोशी अनुक्रम नहीं है. एक अन्य उदाहरण (देखें, उदाहरण 3) में नायडू-प्रसाद [120] ने यह दिखाया कि यदि 2-दूरीक d समुच्चय X पर संतत हो तो समष्टि X में अभिसरित होने वाला प्रत्येक अनुक्रम कोशी होता है परन्तु इसका विलोम सत्य नहीं है.

मान लें L एक से अधिक विमावाली रैखिक समष्टि है तथा $L \times L$ पर निम्न शर्तों के साथ $||.,\ .||$ एक वास्तविक फलन है:

(म-1) $||a, b|| = 0$, यदि और केवल यदि a एवं b रैखिकतः आश्रित हैं;

(म-2) $||a, b|| = ||b, a||$;

(म-3) $||pa, b|| = |p|\,||a,b||$, जहां p वास्तविक संख्या है;

(म-4) $||a+b, c|| = ||a,b|| + ||b,c||$;

तब $||.,.||$ को L पर 2-मानकित एवं युग्म $(L, ||.,||)$ को 2-मानकित समष्टि कहा जाता है. स्पष्ट है कि $||.,.||$ एक ऋणेतर फलन है तथा किसी वास्तविक संख्या p एवं L के प्रत्येक x, y के लिए $||x, y + px|| = ||x, y||$.

इस अध्याय में जब तक अन्यथा न कहा जाये, L द्वारा 2-मानकित समष्टि को प्रदर्शित करेंगे.

2-मानकित समष्टि L का एक अनुक्रम $\{x_n\}$ कोशी अनुक्रम कहा जाता है यदि L में रैखिकतः स्वतंत्र अवयव y व z ऐसे हों कि

$$\text{सीमा}_{m,n}\ ||x_m - x_n,\ y|| = 0$$

और

$$\text{सीमा}_{m,n}\ ||x_m - x_n,\ z|| = 0\ .$$

2-मानकित समष्टि L में एक अनुक्रम $\{x_n\}$ को अभिसारी कहा जायेगा यदि L के प्रत्येक अवयव y के लिए L में एक अवयव x का ऐसा अस्तित्व हो कि

$$\text{सीमा}_{n}\ ||x_n - x,\ y|| = 0\ .$$

यदि अनुक्रम $\{x_n\}$ समष्टि L के किसी बिंदु x पर अभिसारित होता हो तो x को इस अनुक्रम की सीमा कहा जाता है. 2-मानकित समष्टि L को 2-बानाख् समष्टि कहा जाता है यदि इसमें प्रत्येक कोशी अनुक्रम एक अभिसारी अनुक्रम हो.

उदाहरण 4. [201]. मान लें E_3 द्वारा त्रिविमीय सदिश समष्टि को प्रदर्शित किया जाता है. मान लें

$$x = (a, b, c),\ y = (d, e, f)$$

तथा

$$||x, y|| = |x \times y|.$$

तब $(E_3, ||.,.||)$ 2-बानाख् समष्टि है.

यदि $(L, ||.,.||)$ एक 2-मानकित समष्टि हो तब समष्टि L पर $d(x,y,z) = ||x-z, y-z||$ लेकर एक 2-दूरीक पारिभाषित किया जा सकता है. इस प्रकार प्रत्येक 2-मानकित समष्टि 2-दूरीक समष्टि भी है परन्तु इसका विलोम सदैव सत्य नहीं है. हाल ही में चो-फ्रीजे [23] ने उन परिस्थितियों का अध्ययन किया जिनके अन्तर्गत एक 2-दूरीक समष्टि 2-मानकित समष्टि हो सकती है. 2-मानकित एवं 2-बानाख समष्टियों पर विस्तृत अध्ययन के लिए ([21], [23], [34]-[39], [59], [61], [98], [201]) का अवलोकन करें.

2

बानाख् संकुचन सिद्धांत एवं इसके कुछ व्यापकीकरण

स्थिर बिंदु सिद्धांत गणितीय विज्ञान की एक आकर्षक विधा है जो अनुप्रयोगों की दृष्टि से अवकल-समाकल समीकरणों, गतिकीय तन्त्रों, सांस्थितिकी, फलनक विश्लेषण, इष्टतम संचालन, विचरण सिद्धांत , क्रीड़ा सिद्धांत, सन्निकटन सिद्धांत, अभिकलित्र अभिलेखन, अभियांत्रिकी एवं अर्थशास्त्र के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. शनैः शनैः स्थिर बिन्दु अस्तित्व एवं इसको प्राप्त करने की नई विधियों के अन्वेषित एवं परिष्कृत होने से यह सिद्धांत प्रायोगिक गणित में विभिन्न प्रकार के समीकरणों के सफल साधन हेतु प्रमुख भूमिका निभाने लगा है. पिछले करीब तीस वर्षों में विभिन्न विन्यासों यथा – बीजीय सांस्थितिकी, दूरीक, 2-दूरीक, बानाख्, हिल्बर्ट,

प्रायिकतात्मक, यादृच्छिक एवं मानकित्त समष्टियों मे स्थिर विन्दुओं की प्राप्ति हेतु किये गये शोध कार्य से बृहत साहित्य सामने आया है. स्थिर बिंदु प्रमेयों के अनुप्रयोगों को देखते हुए इन प्रमेयों के व्यापक रूपों के प्रति गणितज्ञों की जिज्ञासा निरन्तर बनी हुई है.

1910 में एल0 ब्रावर द्वारा यह स्थापित किया गया कि ऐकक गोले पर पारिभाषित संतत स्व-प्रतिचित्रणों का एक स्थिर बिंदु होता है. कुछ समय बाद 1922 मे स्टेफ़न बानाख ने एक अन्य स्थिर बिंदु प्रमेय प्रतिपादित किया. जो अनुप्रायोगिक गणित के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण सिद्ध हुआ.प्रस्तुत शोध प्रबंध में हमारा उद्देश्य इस स्थिर बिंदु प्रमेय के कुछ अन्य व्यापकीकरण प्रस्तुत करना है. स्थिर बिंदु सिद्धांत पर रचित उपयोगी पुस्तकों के लिए ([12], [43], [67], [71]-[72] व [85]-[86]) का अवलोकन करें.

<u>बानाख संकुचन सिद्धांत</u>

यदि दूरीक समष्टि (M, d) पर एक प्रतिचित्रण T के लिए एक ऋणेतर नियतांक $k < 1$ का इस प्रकार अस्तित्व हो कि M के प्रत्येक x, y के लिए

$$d(Tx, Ty) \leq kd(x, y)$$

तो T को समष्टि M पर संकुचन प्रतिचित्रण कहा जाता है. यदि $k = 1$ हो तब T को समष्टि M पर अविस्तारी प्रतिचित्रण कहा जाता है. स्पष्ट है कि अविस्तारी प्रतिचित्रण संकुचन प्रतिचित्रणों से अधिक व्यापक हैं. अविस्तारी प्रतिचित्रणों के स्थिर बिंदु के अस्तित्व एवं सन्निकटन हेतु अल्फ़ाख़ [3], एंडरसन-ग्वे-सिंह [5], आसाद-किर्क [6], बाईलोन-ब्रुक-रीच [8], बीलू-किर्क-स्टेनर [11], ब्राउडर [15], गोबेल-किर्क-शीमी [65], आईसेकी [79], ग्वे-सिंह-ह्विटफिल्ड [70], किर्क [101], नैम्पली-सिंह-ह्विटफिल्ड [123], रोआडेस [151] व सिंह [172] के कार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं, (आचारि-लहरी [1], बे [7], कार्बोन-मारिनो [16], डिमनी-वाईट [38]-[39], फाइगूरिडो [46] , गोबेल-कुज्यूमोव [66], गोबेल-रीच [67], गोहडे [68], हाउस्डोर्फ [74], लहरी-तिवारी [106], लाल-सिंह [109], लिम [110], मार्किन [111], मासो-रोख [113], नाडलर [119], सामंता [157], सिंह [164], सिंह [195], थीप-वीट [197], वांग [202] व जैई [204] को भी देखें). जैसा कि सुज्ञात है पूर्ण दूरीक समष्टि पर संकुचन प्रतिचित्रण एक अद्वितीय साधन रखता है अर्थात् M में एक ऐसे अद्वितीय बिंदु z का अस्तित्व होता है कि $Tz = z$.

यह सिद्धांत बनाख संकुचन सिद्धांत (<u>बासंसि</u>) के नाम से जाना जाता है. विभिन्न समष्टियों में बासंसि एवं इसके व्यापकीकरण का हाल ही में पर्याप्त अध्ययन हुआ है (देखें [1]-[3], [5]-[12], [14]-[22], [24]-[29], [31]-[33], [38]-[54], [57], [62], [68], [70]-[73], [75]-[97], [99]-[115], [117]-[126], [128]-[163], [165]-[196], [198]-[200], [202]-[204]).

ऐसा प्रतीत होता है कि के० आईसेकी-वी०के० शर्मा-पी०एल० शर्मा [82] द्वारा 2-दूरीक समष्टि पर संकुचन प्रतिचित्रण (यदि 2-दूरीक समष्टि (X, d) पर स्व-प्रतिचित्रण T के लिए $k \in (0, 1)$ का ऐसा अस्तित्व हो कि X के प्रत्येक x, y, a के लिए $d(Tx, Ty, a) \leq kd(x, y, a)$) पारिभाषित करते हुए यह सिद्ध किया गया कि पूर्ण 2-दूरीक समष्टि पर पारिभाषित प्रत्येक संकुचन प्रतिचित्रण का एक अद्वितीय विंदु होता है.

उनके इस प्रारंभिक कार्य से 2-दूरीक एवं 2-मानकित समष्टियों में स्थिर विंदुओं के अस्तित्व का समारंभन हुआ ([78]-[79], [81]-[82], [160] भी देखें). उल्लेख्य है कि इन गणितज्ञों ने 2-दूरीक समष्टि पर परिबद्धता की शर्त का प्रयोग करते हुए स्थिर विंदु का अन्वेषण किया. ऐसा प्रतीत होता है कि संकुचन प्रकार प्रतिचित्रणों के लिए इस शर्त से मुक्त परिणाम सर्वप्रथम रोअडेस [150] एवं लाल-सिंह [108] स्थापित किये. स्थिर विंदु सिद्धांत में समष्टि के अवयवों द्वारा रचित अनुक्रम का कोशी होना या न होना महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है. इस परीक्षण के लिए सिंह [168] ने 1979 में रोअडेस [150] से प्रेरणा लेकर निम्न प्रमेयिका स्थापित की जिसने 2-दूरीक समष्टि पर स्थिर विंदुओं के अन्वेषण को अत्यंत सुगम बना दिया.

<u>प्रमेयिका</u> <u>2.1.</u> <u>[168].</u> मान लें पूर्ण 2-दूरीक समष्टि X में $\{y_n\}$ एक अनुक्रम है. तब अनुक्रम $\{y_n\}$ समष्टि X के किसी विंदु पर अभिसरित होगा यदि प्रत्येक n और X के प्रत्येक a के लिए $h \in (0, 1)$ का ऐसा अस्तित्व हो कि

$$d(y_n, y_{n+1}, a) \leq hd(y_{n-1}, y_n, a)$$

यहां पर हाल ही में प्रकाशित सिंह-गांगुली-कुमार [179] की निम्न प्रमेय का उल्लेख करना समीचीन होगा, प्रमेय से प्रयुक्त संकेत निम्न अर्थों में हैं:

X न्यूनतम तीन बिंदुओं वाले मनमाने समुच्चय के लिए प्रयुक्त है. N का प्रयोग प्राकृतिक संख्याओं के समुच्चय के रूप में, (Y, d) का 2-दूरीक समष्टि के रूप में एवं $H = \{h:[0,\infty) \rightarrow [0,\infty)$: उपरि सामिसंतत अह्रासमान है एवं $h(t) < t$, $t > 0\}$. यदि S तथा P समष्टि Y पर प्रतिचित्रण हैं तब C(SP) को S तथा P के समस्त संपाती बिंदुओं के समुच्चय के रूप में प्रयुक्त किया जायेगा, अर्थात् $C(SP) = \{z : Sz = Pz\}$.

<u>प्रमेय</u> <u>2.2.</u> मान लें X एक मनमाना समुच्चय है. Y एक 2-दूरीक समष्टि और $A_i (i \in N)$: $X \longrightarrow Y$ है, यदि प्रतिचित्रण S, T : $X \longrightarrow Y$ इस प्रकार हैं कि $A_i(X) \subset S(X) \cap T(X)$, $i \in N$ तथा समस्त $x, y \in X$, $a \in Y$, $i, j \in N$ $i \neq j$ के लिए तथा H के किसी h के लिए

(2.2.1) $$d(A_i x, A_j y, a)$$

$$\leq h(\text{अधिकतम } \{d(Sx, Ty, a), d(Sx, A_i x, a),$$

$$d(Ty, A_j y, a), 1/2[d(Sx, A_j y, a)$$

$$+ d(Ty, A_i x, a)]\}),$$

तथा $S(X) \cap T(X)$ समष्टि Y की पूर्ण उपसमष्टि है तब प्रत्येक $i \in N$ के लिए

(2.2.2) A_i और S_i में संपात है;

(2.2.3) A_i और T_i में संपात है;
तथा यदि $X = Y$ और प्रत्येक A_i, S (क्रमशः T) के साथ $c(A_i S)$ (क्रमशः $c(A_i T)$) पर क्रमविनिमयित होता है, तब $A_i (i \in N)$, S और T का अद्वितीय स्थिर बिंदु होगा.

ऐसा प्रतीत होता है कि सिंह-गांगुली-कुमार [179] की उक्त प्रमेय 2-दूरीक समष्टि पर संकुचनीय प्रकार के प्रतिचित्रणों हेतु अभी तक ज्ञात परिणामों से व्यापक है. इससे कई परिणाम उपप्रमेय के रूप में प्राप्त किये जा सकते हैं. उदाहरणार्थ [73], [87], [102], [120], [150], [169] व [182] के परिणाम उपप्रमेय के रूप में प्राप्त किये जा सकते हैं.

3

जुंक संकुचन सिद्धांत

यदि दूरीक समष्टि (M, d) पर स्व-प्रतिचित्रणों f व g के लिए एक धनात्मक नियतांक $k < 1$ का इस प्रकार अस्तित्व हो कि

(ज-1) $fM \subset gM$;

(ज-2) $d(fx, fy) \leq kd(gx, gy)$, $x, y \in M$;

(ज-3) प्रतिचित्रण g संतत हो;

(ज-4) प्रतिचित्रण f और g क्रमविनिमयी हों;

तब पूर्ण दूरीक समष्टि M में प्रतिचित्रण f एवं g अद्वितीय उभयनिष्ठ स्थिर बिंदु रखते हैं.

यह परिणाम जुंक [87] द्वारा 1976 में प्रतिपादित किया गया.

(<u>विशेष टिप्पणी</u> : यद्यपि प्रतिबंधो (ज-1)-(ज-2) के अधीन दो प्रतिचित्रणों के संपात बिंदु का अध्ययन गोबेल [64] ने युंक के परिणाम प्रकाशित होने से पूर्व कर लिया था, ऐसा प्रतीत होता है कि युंक के उक्त परिणाम का आधार गोबेल [64] का संपात प्रमेय नहीं है. वस्तुतः गोबेल ने बासंसि का प्रयोग करते हुए यह सिद्ध किया है यदि पूर्ण दूरीक समष्टि पर स्व-प्रतिचित्रण (ज-1)-(ज-2) को संतुष्ट करें तो प्रतिचित्रणों f और g का M के कम से कम एक बिंदु पर संपात होता है अर्थात् M में कम से कम एक ऐसे बिंदु z का अस्तित्व होता है कि fz = gz . वर्ष 1983 में, एक वार्ता के दौरान प्रो0 एस0एल0 सिंह ने प्रो0 जी0 युंक से यह पूछा कि क्या आप 1968 में प्रकाशित गोबेल संपात प्रमेय से परिचित हैं? इस प्रश्न का प्रो0 युंक ने नकारात्मक उत्तर दिया था.)

युंक के उक्त परिणाम ने संकुचनीय सिद्धांत में एक नयी दिशा को जन्म दिया. वस्तुतः युंक का उक्त परिणाम सर्वप्रथम सिंह [163] द्वारा व्यापकीकृत हुआ. तत्पश्चात अनेकों गणितज्ञों ने युंक प्रकार के संकुचन सिद्धांतों का प्रतिपादन किया. उदाहरणार्थ देखें ([18]-[19], [24], [29], [33], [40]-[41], [47], [50]-[52], [54], [57], [73], [88]-[91], [93]-[97], [102], [104]-[105], [112], [117]-[118], [120], [124]-[125], [128], [132]-[134], [137]-[138], [140], [152]-[156], [163], [165]-171], [173]-[175], [177]-[194], [196], [200]).

युंक प्रकार के संकुचन सिद्धांत में प्रतिचित्रणों की क्रमविनिमेयता (ऊपर (ज-4) देखें) को शिथिल करने के कुछ सफल प्रयास किये गये. इतालवी गणितज्ञ सेसा [156] ने दुर्बल क्रमविनिमेयता, युंक [88] ने सुसंगता, सिंह-तिवारी [189] ने उपगामी क्रमविनिमेयता व पाठक [137] ने दुर्बल* क्रमविनिमेयता से क्रमविनिमेयता को प्रतिस्थापित करते हुए व्यापक परिणाम प्राप्त किये. (क्रमविनिमेयता के दुर्बल स्वरुपों की परिभाषाओं एवं इनके आपसी संबंधों पर उदाहरणों हेतु आगामी अध्याय का प्रथम अनुभाग देखें) युंक [87] का उक्त परिणाम अब युंक संकुचन सिद्धांत (<u>युसंसि</u>) के नाम से जाना जाता है (उदाहरणार्थ देखें , [189], [192]).

ऐसा प्रतीत होता है कि युंक [87] की प्रमेय का 2-दूरीक समष्टि में सर्वप्रथम विस्तारण 1977-78 में प्रोफेसर श्याम लाल सिंह द्वारा किया गया (देखें [166] व [190]).इस सिद्धांत का 2-दूरीक सादृश प्रमेय 2.2 में अन्तर्निहित है. इसके बाद युसंसि का व्यापकीकरण, विस्तारण व अनुप्रयोग विभिन्न समष्टियों एवं विन्यासों में किया गया (उदाहरणार्थ देखें, [18], [25], [54], [57], [94], [95], [97], [102], [105], [117]-[118], [120], [140], [165]-[171], [173], [181]-[194], [199]).

4

आगामी अध्यायों की संक्षिप्त रूपरेखा

द्वितीय अध्याय में चुंग [27], पाचपट्टे [130], रोअडेस [152], पाठक [136]-[137] द्वारा स्थापित किये गये स्थिर बिंदु प्रमेयों की प्रतिचित्रण शर्तों का अध्ययन किया गया तथा इनमें से कुछ परिणामों को विस्तारित करते हुए कुछ स्थिर बिंदु प्रमेय प्राप्त किये गये हैं. इस प्रकार सुज्ञात बानाख् संकुचन सिद्धांत के कुछ अन्य व्यापकीकरण प्राप्त होते हैं. संबंधित परिभाषाओं आदि को स्पष्ट करने के लिए कुछ उदाहरण प्रारंभ में ही दिये गये हैं. 1973 में प्रोफेसर जे० मटकोवस्की [114]-[115] ने गुणन समष्टियों पर सुज्ञात बानाख् संकुचन सिद्धांत का एक महत्वपूर्ण व्यापकीकरण प्रस्तुत किया जो संप्रति अनुप्रयोज्य विश्लेषण के लिए महत्वपूर्ण हो रहा है. तृतीय अध्याय में इस संकुचन सिद्धान्त का 2-दूरीक समष्टि में अध्ययन करने का प्रयास किया गया है. इस प्रकार प्राप्त परिणाम गोबेल [64], युंक [87], सिंह-कुलश्रेष्ठ [176], आईसेकी शर्मा - शर्मा [78],[82] के परिणामों का विस्तारण एवं एकीकरण करते हैं. चतुर्थ अध्याय में 2-बानाख् समष्टि पर एक नई शर्त के अधीन स्थिर बिंदु प्रमेय प्राप्त किये गये हैं. यह सुज्ञात है कि अविस्तारी प्रकार के प्रतिचित्रणों के पुनरावृत्तिकों का किसी स्थिर बिंदु पर अभिसरित होना आवश्यक नहीं है. पंचम अध्याय का उद्देश्य कुछ ऐसी प्रतिचित्रण शर्तों का अध्ययन करना है जिनके अधीन 2-मानकित समष्टि पर पारिभाषित प्रतिचित्रणों के पुनरावृत्तिकों का अनुक्रम प्रतिचित्रण के स्थिर बिंदु पर अभिसरित हो सके. वस्तुतः 2-मानकित समष्टि पर पुनरावृत्तिकों के अभिसरण संबंधी समस्याओं के अध्ययन का यह प्रथम प्रयास है. अंतिम अध्याय में अविस्तारी प्रतिचित्रणों हेतु कुछ स्थिर बिंदु प्रमेय प्राप्त किये गये हैं.

द्वितीय अध्याय

2-दूरीक समष्टि में संकुचनीय प्रतिचित्रणों के स्थिर बिंदु

प्रस्तुत अध्याय में विभिन्न संकुचनीय शर्तों के अधीन 2-दूरीक समष्टि में स्थिर बिंदु प्रमेय सिद्ध किये गये हैं. यह अध्याय निम्न अनुभागों में विभाजित हैः

1. परिभाषाएं एवं उदाहरण

2. दो प्रतिचित्रणों हेतु स्थिर बिंदु प्रमेय

3. परिमेय असमिकाओं हेतु स्थिर बिंदु प्रमेय

4. सुसंगत प्रतिचित्रणों हेतु स्थिर बिंदु प्रमेय

5. दुर्बल*क्रमविनिमयी प्रतिचित्रणों हेतु स्थिर बिंदु प्रमेय

1

परिभाषाएं एवं उदाहरण

<u>परिभाषा</u> <u>1.1</u> <u>[156].</u> दूरीक समष्टि (M,d) पर स्व-प्रतिचित्रणों P व T को दुर्बल क्रमविनिमयी कहा जाता है यदि M के प्रत्येक x के लिए

$$d(PTx, TPx) \leq d(Px, Tx).$$

स्पष्टतया, M पर क्रमविनिमयी युगल दुर्बल क्रमविनिमयी भी होंगे परन्तु इसके विलोम का सत्य होना आवश्यक नहीं है. यह निम्न उदाहरण से प्रदर्शित होता है.

<u>उदाहरण</u> <u>1.1</u> <u>[156].</u> मान लें M = [0,1], d निरपेक्ष मान दूरीक है तथा स्व-प्रतिचित्रण P व T समष्टि M के प्रत्येक x तथा a > 1 के लिए निम्न प्रकार पारिभाषित हैं -

$$Px = x/(2a+x), \; Tx = x/a.$$

स्पष्टतः P एवं T दुर्बल क्रमविनिमयी हैं परन्तु क्रमविनिमयी नहीं हैं.

<u>परिभाषा</u> <u>1.2</u> <u>[120].</u> मान लें P एवं T 2-दूरीक समष्टि (X,d) पर स्व-प्रतिचित्रण हैं. तब P एवं T को किसी बिन्दु $x \in X$ पर दुर्बल क्रमविनिमयी कहा जायेगा यदि X के प्रत्येक a के लिए

$$d(PTx, TPx, a) \leq d(Px, Tx, a).$$

यदि P एवं T समष्टि X के प्रत्येक बिंदु पर इसी प्रतिबंध को संतुष्ट करें तो वे दुर्बल क्रमविनिमयी कहे जायेंगे.

निम्न उदाहरण से स्पष्ट है कि दुर्बल क्रमविनिमयी प्रतिचित्रणों का क्रमविनिमयी होना आवश्यक नहीं है जबकि इसका विलोम सदैव सत्य है.

<u>उदाहरण</u> <u>1.2. [120].</u> मान लें $X = \{1,2,3,4\}$ तथा दूरीक $d: X \times X \times X \longrightarrow [0,\infty)$ को निम्न प्रकार पारिभाषित करें

$$d(x,y,z) = \begin{cases} 0 \text{ यदि } x = y \text{ या } y = z \text{ या } z = x \text{ या} \\ \{x,y,z\} = \{1,2,3\}, \\ \\ 1/2 \text{ अन्यथा,} \end{cases}$$

स्व-प्रतिचित्रणों S एवं T को इस प्रकार पारिभाषित करें:

$$S1 = S2 = S3 = S4 = 2$$

तथा

$$T1 = T2 = T3 = T4 = 3 .$$

तब (X,d) एक 2-दूरीक समष्टि है और S एवं T दुर्बल क्रमविनिमयी हैं परन्तु क्रमविनिमयी नहीं हैं.

<u>परिभाषा</u> <u>1.3[189].</u> दूरीक समष्टि (M,d) स्व-प्रतिचित्रणों P व T को उपगामी क्रमविनिमयी या u-उपगामी क्रमविनिमयी (जिसे युंक [88] द्वारा सुसंगत भी कहा जाता है) कहा जायेगा यदि और केवल यदि

$$\text{सीमा}_n d(PTx_n, TPx_n) = 0;$$

जबकि X में $\{x_n\}$ इस प्रकार का अनुक्रम है कि X के किसी बिंदु u के लिए

(*) $\text{सीमा}_n Px_n = \text{सीमा}_n Tx_n = u.$

स्पष्टतया शर्त (*) को संतुष्ट करने वाले दुर्बल क्रमविनिमयी प्रतिचित्रण युगल उपगामी क्रमविनिमयी होंगे तथा निम्न उदाहरण प्रदर्शित करता है कि इसके विलोम का सत्य होना आवश्यक नहीं है.

उदाहरण 1.3. [177]. माना कि $M = [0, \infty)$, $Px = 2x^2$, $Tx = 3x^2$ तथा M पर d निरपेक्ष मान दूरीक है, तब

$$d(PTx, TPx) = 6x^4$$

एवं

$$d(Tx, Px) = x^2.$$

स्पष्टतया M के सभी बिंदुओं x के लिए

$$d(PTx, TPx) \nleq d(Tx, Px).$$

अस्तु P व T दुर्बल क्रमविनिमयी नहीं हैं, किंतु यदि

$$x_n = 2^{-n} \text{ तब}$$

$$Px_n \to 0, \ Tx_n \to 0, \ d(PTx_n, TPx_n) \to 0$$

और P व T u-उपगामी क्रमविनिमयी प्रतिचित्रण हैं, जहां $u = 0$.

प्रपत्रों [88], [152], [177] व [189] में यह दावा किया गया है कि सुसंगत अथवा उपगामी क्रमविनिमयी प्रतिचित्रण युगल ⟨P, T⟩ दुर्बल क्रमविनिमयी होंगे, किंतु हाल ही में प्रोफेसर एस0एल0 सिंह (हिरिद्वार) ने 'मैथमेटिकल रिव्यूज़' (देखें MR 89h : 54030 या उदाहरण 1.4) के लिए प्रोफेसर युंक के प्रपत्र [90] का पुनरावलोकन करते समय एक उदाहरण देते हुए यह टिप्पणी किया कि दूरीक समष्टि में दुर्बल क्रमविनिमयी प्रतिचित्रण युगल आवश्यक नहीं कि उपगामी क्रमविनिमेयता (या सुसंगतता) की शर्त को संतुष्ट करने के लिए समष्टि में किसी अनुक्रम $\langle x_n \rangle$ का अस्तित्व हो ही.

उदाहरण 1.4. मान लें $M = [1,\infty)$, d = निरपेक्ष मान दूरीक, तथा $f, g : M \longrightarrow M$ जहाँ $fx = 1 + x$, $gx = 1 + 2x$. स्पष्टतया

$$d(fgx, gfx) = 1 \leq x = d(fx, gx).$$

अस्तु, f एवं g दुर्बल क्रमविनिमयी हैं किन्तु समष्टि M में किसी ऐसे अनुक्रम $\{x_n\}$ का अस्तित्व नहीं मिलता जिसके लिए f व g सुसंगत प्रतिचित्रण हो सकें.

परिभाषा 1.4. [177]. माना P एवं T किसी 2-दूरीक समष्टि (X, d) पर स्व-प्रतिचित्रण हैं तब P और T को x पर उपगामी क्रमविनिमयी या सुसंगत कहा जायेगा यदि और केवल यदि X के प्रत्येक a के लिए

$$\text{सीमा}_n\ d(PTx_n, TPx_n, a) = 0$$

जबकि $\{x_n\} \subset X$ इस प्रकार का अनुक्रम है कि

$$\text{सीमा}_n\ Px_n = \text{सीमा}_n\ Tx_n = u.$$

परिभाषा 1.5. [154]. मान लें दूरीक समष्टि (M, d) पर S एवं T दो स्व-प्रतिचित्रण हैं. समष्टि M में अनुक्रम $\{x_n\}$ को S के सापेक्ष उपगामितः T-नियमित कहा जायेगा यदि

$$\text{सीमा}_n\ d(Sx_n, Tx_n) = 0.$$

परिभाषा 1.6. [193]. मान लें 2-दूरीक समष्टि (X,d) पर S एवं T दो स्व-प्रतिचित्रण हैं. समष्टि X में अनुक्रम $\{x_n\}$ को S के सापेक्ष उपगामितः T-नियमित कहा जायेगा यदि X के प्रत्येक a के लिए

$$\text{सीमा}_n\ d(Sx_n, Tx_n, a) = 0.$$

परिभाषा 1.7. [137]. मान लें दूरीक समष्टि (M,d) पर S व T दो स्व-प्रतिचित्रण हैं. तब समष्टि M में एक अनुक्रम $\{x_n\}$ को S^2 के सापेक्ष उपगामितः T^2- नियमित कहा जायेगा यदि

$$\text{सीमा}_n\ d(S^2x_n,\ T^2x_n) = 0.$$

परिभाषा 1.8. मान लें (X,d) एक 2-दूरीक समष्टि है तथा S एवं T समष्टि X पर दो स्व-प्रतिचित्रण हैं. तब समष्टि M में एक अनुक्रम $\{x_n\}$ को S^2 के सापेक्ष उपगामितः T^2-नियमित कहा जायेगा यदि X के प्रत्येक a के लिए

$$\text{सीमा}_n\ d(S^2x_n,\ T^2x_n,\ a) = 0.$$

परिभाषा 1.9. [137]. मान लें दूरीक समष्टि (M,d) पर S एवं T दो स्व-प्रतिचित्रण हैं, तब युगल (S,T) को दुर्बल* क्रमविनिमयी कहा जायेगा यदि M के प्रत्येक x के लिए

$$d(STx,\ TSx) \leq d(S^2x,\ T^2x).$$

स्पष्टतया, प्रत्येक क्रमविनिमयी युगल दुर्बल* क्रमविनिमयी होता है परन्तु इसके विलोम का सदैव सत्य होना आवश्यक नहीं है. यह निम्न उदाहरण से प्रदर्शित होता है.

उदाहरण 1.5. [137]. मान लें M = [0,1] निरपेक्ष मानदूरीक के साथ दूरीक समष्टि है. M के प्रत्येक x के लिए S एवं T निम्नवत् पारिभाषित हैं.

$$Sx = x/(x + 2),\ Tx = x/2.$$

तब S एवं T दुर्बल* क्रमविनिमयी हैं परन्तु क्रमविनिमयी नहीं हैं.

परिभाषा 1.10. 2-दूरीक समष्टि (X,d) पर स्व-प्रतिचित्रणों S एवं T को दुर्बल* क्रमविनिमयी कहा जायेगा यदि X के प्रत्येक x व a के लिए

$$d(STx,\ TSx,\ a) \leq d(S^2x,\ T^2x,\ a).$$

2

दो प्रतिचित्रणों हेतु स्थिर बिंदु प्रमेय

1978 में चुंग [27] ने दूरीक समष्टि (M, d) पर पारिभाषित दो प्रतिचित्रणों के लिए निम्नलिखित संकुचन शर्त के अधीन कुछ स्थिर बिंदु प्रमेय प्राप्त किये जो बायड़-वांग [14], चुंग [26] (इस प्रपत्र पर विशेष टिप्पणी हेतु रोआडेस [146] देखें) फिशर [47], आदि के परिणामों का विस्तारण करती हैं.

$$(*) \qquad d(Sx, TSy)$$

$$\leq k(d(x, Sy)) \text{ अधिकतम } \{d(x, Sy), d(x, Sx), d(Sy, TSy)$$

$$\tfrac{1}{2}[d(x, TSy) + d(Sy, Sx)]\};$$

जहाँ समस्त $x, y \in M$ तथा k दांये से $\overline{P} - \{0\}$ पर उपरि सामिसंतत है और $\overline{P} - \{0\}$ के प्रत्येक t के लिए $k(t) < 1$, जहाँ $P = \{d(x, y) : x, y \in M\}$.

हाल ही में पाचपट्टे [130] ने चुंग [27] के परिणामों के आलोक में एक नई प्रकार की संकुचन शर्त के अधीन कुछ स्थिर बिंदु प्रमेय प्राप्त किये.

$$(**) \qquad [d(Sx, TSy)]^2$$

$$\leq k(d(x, Sy)) \text{ अधिकतम } \{d(x, Sx). d(Sy, TSy),$$

$$d(x, TSy). d(Sy, Sx), 1/2\, d(x, Sx). d(Sy, Sx),$$

$$\tfrac{1}{2} d(x, TSy). d(Sy, TSy)\};$$

जहाँ समस्त $x, y \in M$ तथा k दांये से $\overline{P} - \{0\}$ पर उपरिसामि-संतत है और $\overline{P} - \{0\}$ के प्रत्येक t के लिए $k(t) < 1$, जहाँ $P = \{d(x, y) : x, y \in M\}$.

प्रस्तुत अनुभाग में हम शर्त (*) एवं शर्त (**) से प्रेरणा लेकर 2-दूरीक समष्टि में क्रमशः प्रमेय 2.1 एवं प्रमेय 2.2 सिद्ध कर रहे हैं. इस अनुभाग के परिणाम निम्नवत् हैं:

<u>प्रमेय</u> <u>2.1.</u> मान लें (X, d) एक पूर्ण 2-दूरीक समष्टि है तथा S एवं T समष्टि X पर स्व-प्रतिचित्रण हैं यदि धन संख्याओं k एवं p (जहाँ $0 < k < 1,\ kp < 1/2$) का अस्तित्व इस प्रकार हो कि X के सभी x, y, a के लिए

(2.1.1)
$$d(Sx, TSy, a)$$
$$\leq k \text{ अधिकतम } \{d(x, Sy, a), d(x, Sx, a),$$
$$d(Sy, TSy, a), p[d(x, TSy, a) + d(Sy, Sx, a)]\};$$

संतुष्ट हों तो S एवं T के एक अद्वितीय स्थिर बिंदु का अस्तित्व होगा.

<u>उपपत्ति</u>. माना x_0 समष्टि X का कोई बिंदु है. समष्टि के बिंदुओं से एक अनुक्रम इस प्रकार पारिभाषित करें कि

$$x_1 = Sx_0,\ x_2 = Tx_1,\ \ldots\ldots,\ x_{2x+1} = Sx_{2n},$$
$$x_{2n+2} = Tx_{2n+1}, \ldots\ldots\ldots$$

सुविधा के लिए मान लें

$$d_n = d(x_n, x_{n+1}, a).$$

अब (2.1.1) से

(2.1.2) $$d_{2n+1}$$

$$\leq k \text{ अधिकतम } \{d_{2n}, d_{2n+1}, pd(x_{2n}, x_{2n+2}, a)\}.$$

अब त्रिभुजीय असमिका से $$d_{2n+1}$$

$$\leq k \text{ अधिकतम } \{d_{2n}, d_{2n+1}, p[d_{2n} + d_{2n+1} + d(x_{2n}, x_{2n+1}, x_{2n+2})]\}.$$

इसमें $a = x_{2n}$ लेने पर

$$d(x_{2n}, x_{2n+1}, x_{2n}) \leq 2kp\, d(x_{2n}, x_{2n+1}, x_{2n})$$

जिससे

$$d(x_{2n}, x_{2n+1}, x_{2n}) = 0 \text{ , चूँकि } 2kp < 1.$$

अतः (2.1.2) से

$$d_{2n+1} \leq q\, d_{2n} \text{, जहाँ } 1 > q = \text{ अधिकतम } \{k, kp/(1 - kp)\}.$$

इसी प्रकार

$$d_{2n+2} \leq q\, d_{2n+1}.$$

अस्तु

$$d_{n+1} \leq q d_n.$$

प्रमेयिका [168, पृ0 2] के आलोक में अनुक्रम (x_n) कोशी है, अतः समष्टि X के किसी बिंदु z पर अभिसरित होगा. पुनः (2.1.1) से

$$d(Sz, z, a)$$

$$\leq d(Sz, z, Tx_{2n+1}) + d(Sz, Tx_{2n+1}, a) + d(Tx_{2n+1}, z, a)$$

$$= d(Sz, z, x_{2n+2}) + d(Sz, TSx_{2n}, a) + d(x_{2n+2}, z, a)$$

$$\leq d(Sz, z, x_{2n+2}) + k \text{ अधिकतम } \{d(z, Sx_{2n}, a), d(z, Sz, a),$$

$$d(Sx_{2n}, TSx_{2n}, a), p[d(z, TSx_{2n}, a) + d(Sx_{2n}, Sz, a)]\}$$

$$+ d(x_{2n+2}, z, a)$$

$$= d(Sz, z, x_{2n+2}) + k \text{ अधिकतम } \{d(z, x_{2n+1}, a),$$

$$d(z, Sz, a), d(x_{2n+1}, x_{2n+2}, a), p[d(z, x_{2n+2}, a)$$

$$+ d(x_{2n+1}, Sz, a)]\} + d(x_{2n+2}, z, a).$$

अब n का सीमान्त मान लेने पर

$$d(Sz, z, a)$$

$$\leq k \text{ अधिकतम } \{d(z, Sz, a), pd(z, Sz, a)\}$$

$$\leq \text{ अधिकतम } \{k, kp\}\, d(z, Sz, a).$$

चूँकि 1 > अधिकतम {k, kp} इसलिए

$$z = Sz.$$

इसी प्रकार $z = Tz$.

अर्थात् z प्रतिचित्रणों S एवं T का उभयनिष्ठ स्थिर बिंदु है.

z की अद्वितीयता सिद्ध करने के लिए मान लें X में एक अन्य बिंदु z_1 का अस्तित्व इस प्रकार है कि

$$z_1 = Sz_1 = Tz_1$$

तब

$$d(z_1, z, a) = d(Sz_1, TSz, a)$$

$$\leq k \text{ अधिकतम } \{d(z_1, Sz, a), d(z_1, Sz_1, a), d(Sz, TSz, a),$$

$$p[d(z_1, Tsz, a) + d(Sz, Sz_1, a)]\}$$

$$= k \text{ अधिकतम } \{d(z_1, z, a), p[2d(z_1, z, a)]\}$$

$$= \text{अधिकतम } \{k, 2pk\}\, d(z_1, z, a).$$

जिससे

$$z = z_1, \text{ चूँकि, } 1 > \text{अधिकतम } \{k, 2kp\}.$$

प्रमेय 2.2. मान लें (X, d) एक पूर्ण 2-दूरीक समष्टि है तथा S एवं T समष्टि X पर स्व-प्रतिचित्रण हैं. यदि धन संख्याओं k एवं p (जहां, $0 < k < 1$, $kp < 1/2$) का अस्तित्व इस प्रकार हो कि X के सभी x, y, a के लिए

(2.2.1) $[d(Sx, TSy, a)]^2$

$\leq k$ अधिकतम $\{d(x, Sx, a). d(Sy, TSy, a),$

$d(x, TSy, a). d(Sy, Sx, a), pd(x, Sx, a)$

$\times d(Sy, Sx, a), pd(x, TSy, a). d(Sy, TSy, a)\}$;

संतुष्ट हो तो S एवं T के एक अद्वितीय अभयनिष्ठ स्थिर बिंदु का अस्तित्व होगा.

<u>उपपत्ति</u>. माना x_0 समष्टि X का कोई बिंदु है. समष्टि के बिंदुओं से एक अनुक्रम इस प्रकार पारिभाषित करें कि

$$x_1 = Sx_0,\ x_2 = Tx_1,\ \ldots\ldots,\ x_{2n+1} = Sx_{2n},$$

$$x_{2n+2} = Tx_{2n+1}, \ldots\ldots$$

सुविधा के लिए मान लें

$$d_n = d(x_n, x_{n+1}, a).$$

अब (2.2.1) से

(2.2.2) $d^2_{2n+1} = [d(Sx_{2n}, TSx_{2n}, a)]^2$

$\leq k$ अधिकतम $\{d_{2n}.d_{2n+1},\ 0\ , pd(x_{2n}, x_{2n+2}, a)$

$\times d_{2n+1}\}$

$\leq k$ अधिकतम $\{d_{2n}.d_{2n+1}, p[d_{2n} + d_{2n+1}$

$+ d(x_{2n}, x_{2n+1}, x_{2n+2})].d_{2n+1}\}.$

इसमें $a = x_{2n}$ लेने पर

$$[d(x_{2n}, x_{2n+1}, x_{2n+2})]^2 \leq 2kp[d(x_{2n}, x_{2n+1}, x_{2n+2})]^2.$$

जिससे

$$d(x_{2n}, x_{2n+1}, x_{2n+2}) = 0, \text{ क्योंकि } 2kp < 1.$$

पुनः (2.2.2) से

$$d^2_{2n+1}$$

$$\leq k \text{ अधिकतम } \{d_{2n}\cdot d_{2n+1}, p[d_{2n} + d_{2n+1}]\cdot d_{2n+1}\}.$$

जिससे

$$d_{2n+1} \leq qd_{2n}, \text{ जहाँ, } 1 > q = \text{ अधिकतम } \{k, kp/(1-kp)\}.$$

इसी प्रकार

$$d_{2n+2} \leq qd_{2n+1}.$$

अस्तु $d_{n+1} \leq qd_n$.

अब प्रमेयिका ([168], पृ0 2) के आलोक में स्पष्ट है कि अनुक्रम $\{x_n\}$ कोशी है. चूँकि समष्टि (X, d) पूर्ण है इसलिए यह अनुक्रम X के किसी बिंदु z पर अभिसरण होगा. अब हम सिद्ध करेंगे कि S एवं T का z उभयनिष्ठ स्थिर बिंदु है.

$$[d(z, Sz, a)]^2$$

$$\leq [d(z, Sz, Tx_{2n+1}) + d(z, Tx_{2n+1}, a)$$

$$+ d(Tx_{2n+1}, Sz, a)]^2 = [d(z, Sz, x_{2n+2})$$

$$+ d(z, x_{2n+2}, a) + d(TSx_{2n}, Sz, a)]^2$$

$$= [d(z, Sz, x_{2n+2})]^2 + [d(z, x_{2n+2}, a)]^2$$

$$+ k \text{ अधिकतम } \{d(z, Sz, a) \cdot d_{2n+1}, d(z, x_{2n+2}, a)$$

$$\times d(x_{2n+1}, Sz, a), pd(z, Sz, a). d(x_{2n+1}, Sz, a),$$

$$pd(z, x_{2n+2}, a). d(x_{2n+1}, x_{2n+2}, a)\}$$

$$+ 2d(z, Sz, x_{2n+2}). d(z, x_{2n+2}, a) + 2 d(z, x_{2n+2}, a)$$

$$\times d(x_{2n+2}, Sz, a) + 2d(x_{2n+2}, Sz, a). d(z, x_{2n+2}, Sz).$$

n का सीमान्त मान लेने पर

$$[d(z, Sz, a)]^2 \leq k\, p[d(z, Sz, a)]^2 .$$

जिससे

$$z = Sz, \quad \text{चूंकि } kp < 1/2.$$

इसी तरह

$$z = Tz.$$

अतः z प्रतिचित्रणों S एवं T का एक उभयनिष्ठ स्थिर बिंदु है.

प्रमेय 2.1 के समान यह सिद्ध किया जा सकता है कि बिंदु z अद्वितीय है.

3

परिमेय असमिकाओं हेतु स्थिर बिंदु प्रमेय

द्विवक्कारो-फिशर -सेसा [40], फिशर [48]-[49], फिशर-खान [53] आदि ने सममित परिमेय असमिकाओं को संतुष्ट करने वाले युगल प्रतिचित्रणों के लिए कुछ स्थिर बिंदु प्रमेय स्थापित किये. दूसरी ओर बजाज [9] और पाठक [136] द्वारा कुछ असममित असमिकाओं को संतुष्ट करने वाले प्रतिचित्रणों के लिए कुछ स्थिर बिंदु प्रमेय प्राप्त किये.जे.पाठक [136] द्वारा निम्न प्रतिबंध का अध्ययन किया गया:

मान लें (M, d) एक पूर्ण दूरीक समष्टि है तथा S एवं T समष्टि M पर स्व-प्रतिचित्रण ऐसे हैं कि M के प्रत्येक x, y के लिए

$$(*) \qquad d(Sx, Ty)$$

$$\leq p\,\{d(x, Sx)[d(x, Ty) + d(x, y)]+[d(x, y)]^2\}/\{d(x, Sx) + d(x, Ty) + d(x, y)\}$$

$$+ q\,\{d(x, Sx)[d(x, Ty) + d(x, y)]\}/\{d(x, Sx) + d(x, Ty)\} + r d(x, y)$$

संतुष्ट हो, जहाँ $p, q, r \geq 0$, $p + q + r \leq 1$ तथा $d(x, Sx) + d(x, Ty) \neq 0$.

प्रस्तुत अनुभाग में हम प्रतिबंध (*) का अध्ययन 2-दूरीक समष्टि में कर रहे हैं.

<u>प्रमेय</u> <u>3.1.</u> मान लें (X, d) एक पूर्ण 2-दूरीक समष्टि है तथा S एवं T समष्टि X पर स्व-प्रतिचित्रण हैं. यदि धन संख्याओं p, q, r (जहाँ $p + q + r < 1$) का इस प्रकार अस्तित्व हो कि X के प्रत्येक x, y, a के लिए

(3.1.1) $d(Sx, Tx, a)$

$$\leq p\{d(x, Sx, a)[d(x, Ty, a)+d(x, y, a)] + d(x, y, a)]^2\}/\{d(x, Sx, a) + d(x, Ty, a) + d(x, y, a)\}$$

$$+ q\{d(x, Sx, a)[d(x, Ty, a) + d(x, y, a)]\}/\{d(x, Sx, a) + d(x, Ty, a)\} + rd(x, y, a)$$

संतुष्ट हो तथा $d(x, Sx, a) + d(x, Ty, a) \neq 0$, तब S एवं T के एक अयनिष्ठ स्थिर बिंदु का अस्तित्व होगा. भूयो यदि $d(x, Sx, a) + d(x, Ty, a) = 0$ तो S एवं T के एक अद्वितीय स्थिर बिंदु का अस्तित्व होगा.

उपपत्ति. मान लें समष्टि X में x_0 कोई बिंदु है तथा इसमें अनुक्रम $\{x_n\}$ की रचना इस प्रकार की जाती है कि

$$x_{2n+1} = Sx_{2n}$$

और

$$x_{2n+2} = Tx_{2n+1}, \quad n = 0,1,2,......$$

सुविधा के लिए मान लें $d_n = d(x_n, x_{n+1}, a)$. अब (3.1.1) से

$$d_{2n} \leq (p + q + r)d_{2n-1}$$

और

$$d_{2n+1} \leq (p + q + r)d_{2n} .$$

अस्तु,

$$d_n \leq (p + q + r)d_{n-1}$$

प्रमेयिका [168 पृ0 2] के आलोक में $\{x_n\}$ एक कोशी अनुक्रम है अतः समष्टि X के किसी बिंदु z पर अभिसरित होगा. अब हम सिद्ध करेंगे कि z प्रतिचित्रण T का स्थिर बिंदु है.

$$d(z, Tz, a) \leq d(z, x_{2n+1}, a) + d(Sx_{2n}, Tz, a)$$

$$+ d(z, Tz, x_{2n+1})$$

इसमें (3.1.1) का प्रयोग करने तथा n का सीमान्त मान लेने पर $d(z, Tz, a) \leq 0$

जिससे $z = Tz$. इसी प्रकार $Sz = z$.

अब यह दिखाना शेष है कि यदि समष्टि X के प्रत्येक अवयव x, y, a के लिए $d(x, Sx, a) + d(x, Ty, a) = 0$ हो तो उभयनिष्ठ स्थिर बिंदु z अद्वितीय होगा. मान लें समष्टि X में प्रतिचित्रण T का एक अन्य स्थिर बिंदु w है. तब

$$d(z, Sz, a) + d(z, Tw, a) = 0$$

जिससे

$$z = Sz = Tw .$$

परन्तु

$$w = Tw .$$

अतः

$$w = z.$$

<u>टिप्पणी 3.1.1.</u> प्रमेय 3.1 में यदि $S = T$, $p = q = 0$ लें तो बानाख़ संकुचन सिद्धांत का 2-दूरीक समष्टि में विस्तार (देखें [78] एवं [82])प्राप्त होता है.

4

सुसंगत प्रतिचित्रणों हेतु स्थिर बिंदु प्रमेय

हाल ही में रोअडेस् आदि ने प्रपत्रों [152]-[154] में उत्तरोत्तर सन्निकटन के अनुक्रम का प्रयोग किये बिना ही सापेक्ष उपगामी नियमितता की अवधारणा का समावेश करते हुए हार्डी-रोजर प्रमेय (देखें [153], [195])) का विस्तार किया और कई परिणाम उपप्रमेय के रूप में प्राप्त किये. उदाहरणार्थ देखें, (दास – नायक [33], फिशर [51], युंक [87]-[88], कानन [92], रीच [143]).

रोअडेस् आदि [152] द्वारा चार प्रतिचित्रणों के सुसंगत युगलों के लिए अनुक्रम की सापेक्ष उपगामी नियमितता की संकल्पना का प्रयोग करते हुए निम्न संकुचन शर्त के अधीन कुछ स्थिर बिन्दु प्रमेय स्थापित किये गये जो कि वाँग [19], फिशर [52], माशा [112], सिंह-काशाहारा [175] आदि के परिणामों को उन्नत करती हैं.

$$(*) \qquad d(Ax, By) \le a_1 d(Ax, Sx) + a_2 d(By, Ty) + a_3 d(Sx, By) + a_4 d(Ty, Ax) + a_5 d(Sx, Ty)$$

जहाँ समस्त $x, y \in M$, M एक पूर्ण दूरीक समष्टि है तथा किसी $h \in \{1,2,3,4,5\}$ के लिए a_h गुणन समष्टि $X \times X$ पर वास्तविक फलन है.

प्रस्तुत अनुभाग में हम प्रतिबंध (*) का अध्ययन 2-दूरीक समष्टि में कर रहे हैं.

प्रमेय 4.1. मान लें (X, d) एक पूर्ण 2-दूरीक समष्टि है जिसमें d संतत है. मान लें A, B, S एवं T समष्टि X पर स्व-प्रतिचित्रण हैं. यदि ऋणेतर संख्याओं $a_h \ge 0$ (जहाँ $h \in \{1,2,3,4,5\}$) का अस्तित्व ऐसा है कि X के प्रत्येक x, y, a के लिए

(4.1.1) $$d(Ax, By, a)$$

$$\leq a_1 d(Ax, Sx, a) + a_2 d(By, Ty, a) + a_3 d(Sx, By, a)$$

$$+ a_4 d(Ty, Ax, a) + a_5 d(Sx, Ty, a) \;;$$

(4.1.2) $a_3 + a_4 + a_5 < 1$, $a_1 + a_4 < 1$ एवं $a_2 + a_3 < 1$;

(4.1.3) S संतत है;

(4.1.4) $d(x, Tx, a) \leq d(x, Sx, a)$, $x, a \in X$;

(4.1.5) युगल {A, S} सुसंगत है;

(4.1.6) S एवं T के सापेक्ष क्रमशः एक उपगामितः A-नियमित अनुक्रम $\{x_n\}$ और उपगामितः B-नियमित अनुक्रम $\{y_n\}$ का अस्तित्व है;

तो A, B, S एवं T का एक अद्वितीय उभयनिष्ठ स्थिर बिंदु होगा.

<u>उपपत्ति.</u> किन्हीं धन संख्याओं m एवं n के लिए (4.1.1) से

$$d(Ax_m, By_n, a)$$

$$\leq a_1 d(Ax_m, Sx_m, a) + a_2 d(By_n, Ty_n, a)$$

$$+ a_3 [d(Ax_m, Sx_m, a) + d(Ax_m, By_n, a)$$

$$+ d(Sx_m, By_n, Ax_m)] + a_4 [d(Ax_m, By_n, a)$$

$$+ d(By_n, Ty_n, a) + d(Ty_n, Ax_m, By_n)]$$

$$+ a_5[d(Ax_m, Sx_m, a) + d(Ax_m, By_n, a)$$

$$+ d(By_n, Ty_n, a) + d(Ax_m, By_n, Ty_n)$$

$$+ d(Sx_m, Ty_n, Ax_m)] .$$

अतः

(4.1.7) $$pd(Ax_m, By_n, a)$$

$$\leq qd(Ax_m, Sx_m, a) + rd(By_n, Ty_n, a)$$

$$+ a_3 d(Sx_m, By_n, Ax_m) + sd(Ty_n, Ax_m, By_n)$$

$$+ a_5 d(Sx_m, Ty_n, Ax_m) ,$$

जहां

$$p = (1 - a_3 - a_4 - a_5),\ q = (a_1 + a_3 + a_5),$$

$$r = (a_2 + a_4 + a_5),\ s = (a_4 + a_5) .$$

इसी प्रकार

$$pd(Ax_n, By_n, a)$$

$$\leq qd(Ax_n, Sx_n, a) + rd(By_n, Ty_n, a) + a_3 d(Sx_n, By_n, Ax_n)$$

$$+ sd(Ty_n, Ax_n, By_n) + a_5 d(Sx_n, Ty_n, Ax_n) .$$

अब त्रिभुजीय असमिका से

(4.1.8) $$d(Ax_m, Ax_n, a)$$

$$\leq d(Ax_m, By_n, a) + d(Ax_n, By_n, a) + d(Ax_m, Ax_n, By_n)$$

$$\leq (q/p)[d(Ax_m, Sx_m, a) + d(Ax_n, Sx_n, a)]$$

$$+(2r/p)\, d(By_n, Ty_n, a) + (a_3/p)[d(Sy_n, By_n, Ax_n)$$

$$+ d(Sx_m, By_n, Ax_m)] + (s/p)[d(Ty_n, Ax_m, By_n)$$

$$+ d(Ty_n, Ax_n, By_n)] + (a_5/p)[d(Sx_m, Ty_n, Ax_m)$$

$$+ d(Sx_n, Ty_n, Ax_n)] + d(Ax_m, Ax_n, By_n).$$

अब क्योंकि X के प्रत्येक a के लिए(4.1.7) से सीमा$_{m,n}$ $d(Ax_m, By_n, a) = 0.$

इसलिए सीमा$_{m,n}$ $d(Ax_m, By_n, Ax_n) = 0.$

अब (4.1.6) के प्रयोग से (4.1.8) द्वारा, n का सीमान्त मान लेने पर

$$\text{सीमा}_{m,n}\ d(Ax_m, Ax_n, a) = 0.$$

(मान लें)

अतः अनुक्रम $\{Ax_n\}$ कोशी है, यह अनुक्रम समष्टि X में किसी बिंदु z पर अभिसरित होगा .

अब त्रिभुजीय असमिका से

$$d(Sx_n, z, a)$$

$$\leq d(Ax_n, Sx_n, a) + d(Ax_n, z, a) + d(Sx_n, z, Ax_n).$$

(4.1.5) से n का सीमान्त मान लेने पर $\{Sx_n\} \rightarrow z.$

इसी प्रकार $\{By_n\} \rightarrow z$, $\{Ty_n\} \rightarrow z.$

(4.1.3) से $\{S^2x_n\} \rightarrow Sz$, $\{SAx_n\} \rightarrow Sz$.

और (4.1.5) से $\{ASx_n\} \rightarrow Sz.$

अब पुनः (4.1.1) से

$$d(ASx_n, By_n, a)$$

$$\leq a_1 d(ASx_n, S^2x_n, a) + a_2 d(By_n, Ty_n, a)$$

$$+ a_3 d(S^2x_n, By_n, a) + a_4 d(Ty_n, ASx_n, a)$$

$$+ a_5 d(S^2x_n, Ty_n, a) .$$

n का सीमान्त मान लेने पर

$$d(Sz, z, a) \leq (a_3 + a_4 + a_5)\, d(Sz, z, a)\,.$$

जो (4.1.2) से एक विरोध है अतः $Sz = z$.

पुनः (4.1.1) से

$$d(Az, By_n, a)$$

$$\leq a_1 d(Az, Sz, a) + a_2 d(By_n, Ty_n, a) + a_3 d(Sz, By_n, a)$$

$$+ a_4 d(Az, Ty_n, a) + a_5 d(Sz, Ty_n, a)\,.$$

n का सीमान्त मान लेने पर

$$d(Az, z, a) \leq (a_1 + a_4) d(Az, z, a)\,.$$

(4.1.2) से

$$Az = z\,.$$

अब (4.1.4) से

$$d(z, Tz, a) \leq d(z, Sz, a) = 0, \text{ अतः } z = Tz.$$

पुनः (4.1.1) से

$$d(z, Bz, a) = d(Az, Bz, A) \leq (a_2 + a_3)\, d(z, Bz, a)\,,$$

जिससे $z = Bz.$

अतः z प्रतिचित्रणों A, B, S एवं T का उभयनिष्ठ स्थिर बिंदु है.

मान लें w प्रतिचित्रणों B एवं T का एक अन्य उभयनिष्ठ स्थिर बिंदु है. तब

$$d(z, w, a) = d(Az, Bw, a)$$

$$\leq a_1 d(Az, Sz, a) + a_2 d(Bw, Tw, a) + a_3 d(Sz, Bw, a)$$

$$+ a_4 d(Tw, Az, a) + a_5 d(Sz, Tw, a)$$

